Seat No. : _______________

# NC-124-H

**December-2015**

**B.Com., Sem.-V**

**Core Elective-301 : Adv. Acc. & Auditing**
**(Cost & Financial Accounting)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. अनामिका कं. लिमिटेड में एक वस्तु तीन भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं 'R', 'Q' और 'M' से तैयार होती हैं । विवरण निम्नानुसार है : **14**

| विवरण | प्रक्रिया 'R' | प्रक्रिया 'Q' | प्रक्रिया 'M' |
|---|---|---|---|
| (1) प्रक्रिया में रखी गई इकाइयाँ (₹ 10 प्रति के हिसाब से) | 10,000 | – | – |
| (2) अन्य प्रक्रियाओं में ली गई इकाइयाँ | 9500 | ? | ? |
| (3) सामान्य बिगाड़ (कुल इकाइयों का %) | 2.5% | 5% | 8% |
| (4) सामान्य बिगाड़ की बिक्री कीमत (प्रत्येक ₹ 10 इकाइयों में) | ₹ 40 | ₹ 120 | ₹ 250 |
| (5) असामान्य बिगाड़ (प्रति इकाई लागत ₹ 20) | 250 | – | – |
| (6) असामान्य वृद्धि (प्रति इकाई लागत ₹ 40) | – | – | 222 |
| (7) सामान्य उत्पादन की प्रति इकाई लागत | – | ₹ 32 | – |

सभी प्रक्रियाओं में प्रत्यक्ष मज़दूरी तथा कारखाना खर्च का अनुपात 3 : 2 है । प्रक्रिया खाता तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(a) 'H' नाम की एक मुख्य वस्तु के उत्पादन के दरम्यान 'M' तथा 'B' नाम के दो उप-उत्पाद का उत्पादन होता है । उत्पादन का सम्मिलित खर्च ₹ 1,67,370 है । तीनों वस्तुओं को पृथक होने के पश्चात् अन्य प्रक्रिया की जाती हैं और फिर विक्रय किया जाता है । जिसकी जानकारी निम्नानुसार है : **7**

| | मुख्य वस्तु | उप-उत्पाद | |
|---|---|---|---|
| | 'H' | 'M' | 'B' |
| पृथक होने बाद खर्च | ₹ 8,400 | 7,000 | 5,600 |
| विक्रय | ₹ 1,26,000 | 84,000 | 56,000 |
| बिक्री पर लाभ का % | 25% | 20% | 15% |

कुल स्थायी खर्च बिक्री लागत का 10% है । जिसे तीनों वस्तुओं में 1 : 2 : 2 के अनुपात में विभाजित किया जाता है ।

संयुक्त खर्च के विभाजन को दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

(b) संयुक्त उत्पाद तथा सह-उत्पाद का क्या अर्थ है ? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए । **4**

(c) 'असामान्य वृद्धि' का क्या अर्थ है ? उसका लेखा तैयार कीजिए । **3**

2. एक वस्तु तैयार माल में बदलने के पूर्व तीन प्रक्रियाओं से गुजरती है । निम्न विवरण 2015 के जनवरी माह से लिया गया है : **14**

| **विवरण** | **प्रक्रिया-I** ₹ | **प्रक्रिया-II** ₹ | **प्रक्रिया-III** ₹ | **तैयार माल** ₹ |
|---|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 36,000 | 57,600 | 72,000 | 1,44,000 |
| प्रत्यक्ष मालसामान | 2,90,000 | 86,500 | 1,10,000 | – |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 2,51,000 | 2,88,000 | 2,53,000 | – |
| परोक्ष खर्च (ओवर हेड खर्च) | 1,43,000 | 1,72,700 | 1,41,000 | – |
| अंतिम स्टॉक | 72,000 | 28,800 | 1,08,000 | 2,16,000 |
| लाभ का % (अन्य प्रक्रिया में स्थानांतरित कीमत पर) | 25% | 20% | 10% | |

आरंभिक स्टॉक में समाहित आंतर प्रक्रिया लाभ निम्नानुसार है :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रक्रिया I | – |
| प्रक्रिया II | 10,044 |
| प्रक्रिया III | 19,368 |
| तैयार माल का स्टॉक | 47,045 |

प्रक्रिया का स्टॉक प्राथमिक लागत के अनुसार लिया जाता है । जबकि तैयार माल का स्टॉक प्रक्रिया-III में से जिस कीमत पर स्थानांतरित होता है, उस कीमत पर गणना में आता है । इस समय अंतराल में बिक्री ₹ 28,80,000 रहा ।

**तैयार कीजिए :**

(i) प्रक्रिया खाता

(ii) तैयार माल के सटॉक का खाता

(iii) वास्तविक अर्जित लाभ का पत्रक

**अथवा**

कमालम मेन्यु. कंपनी का वर्ष 2014 के कारखाना उत्पादन की जानकारी निम्नानुसार है : **14**

| | | | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | अर्ध-तैयार माल का आरम्भिक स्टॉक 900 इकाइयाँ. | | | 11,250 |
| | पूर्णता की कोटि | : मालसामान | 100% | |
| | | : मजदूरी | 60% | |
| | | : परोक्ष खर्च | 60% | |
| (2) | प्रक्रिया-I खाते से लाया | : 9100 इकाइयाँ | | 68,250 |
| | | : Direct मजदूरी | | 30,750 |
| | | : परोक्ष खर्च | | 20,500 |
| (3) | भंगार इकाइयाँ : 1200 | | | |
| | पूर्णता की कोटि | : मालसामान | 100% | |
| | | : मजदूरी | 70% | |
| | | : परोक्ष खर्च | 70% | |
| (4) | अर्ध तैयार माल का अंतिम स्टॉक | : 1000 इकाइयाँ. | | |
| | पूर्णता की कोटि | : मालसामान | 100% | |
| | | : मजदूरी | 80% | |
| | | : परोक्ष खर्च | 80% | |
| (5) | प्रक्रिया-III खाते को लाया गया | : 7800 इकाइयाँ | | |
| (6) | सामान्य बिगाड : (आरंभिक स्टॉक के साथ) दाखिल इकाइयों का 10% | | | |
| | भंगार की कीमत प्रति इकाई | : ₹ 7.50 | | |

उपरोक्त विवरण के आधार पर फीफो पद्धति का उपयोग कर तैयार कीजिए :

(i) पूर्ण इकाई का पत्रक

(ii) लागत पत्रक

(iii) मूल्यांकन पत्रक

(iv) प्रक्रिया-II का खाता

3. (a) आशा लि. का 31-3-2015 को पूर्ण हुए वर्ष का विवरण निम्नानुसार है : **7**

| | |
|---|---|
| प्रति इकाई बिक्री कीमत | ₹ 25 |
| प्रति इकाई चलित लागत | ₹ 20 |
| स्थिर लागत | ₹ 60,000 |
| वर्तमान बिक्री | 30,000 इकाइयाँ |

निम्न की गणना कीजिए :

(i) लाभ-परिमाण अनुपात

(ii) समतूट बिन्दु (इकाइयों में)

(iii) सुरक्षा मार्जिन इकाइयों में

(iv) ₹ 1,00,000 लाभ अर्जित करने में आवश्यक बिक्री

(v) ₹ 6,00,000 की बिक्री पर लाभ

**अथवा**

(a) किरण कं. लिमि. की निम्न जानकारी मिली है : **7**

| **वर्ष** | **विक्रय** | **लाभ/हानि** |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| 2013 | 2,00,000 | –15,000 loss |
| 2014 | 3,00,000 | +25,000 profit |

गणना कीजिए :

(i) लाभ-परिमाण अनुपात

(ii) स्थिर लागत

(iii) 2014 के वर्ष का चलित लागत

(iv) समतूट बिन्दु ₹ में

(v) ₹ 3,00,000 बिक्री हो तब, सुरक्षित मार्जिन ।

(b) वस्तु A तथा B के उत्पादन संबंधित जानकारी निम्नानुसार है, दोनों वस्तुओं में एक ही तरह का कच्चा माल-प्रयोग किया जाता है । **7**

| **विवरण** | **वस्तु A प्रति इकाई ₹** | **वस्तु B प्रति इकाई ₹** |
|---|---|---|
| (i) बिक्री कीमत | 1200 | 2300 |
| (ii) प्रत्यक्ष मालसामान (प्रति किलो ₹ 80 की दर) | 400 | 800 |
| (iii) प्रत्यक्ष मजदूरी (₹ 10 प्रति घंटे की दर) | 200 | 500 |
| (iv) चलित विभिन्न खर्च | 200 | 400 |

स्थिर लागत ₹ 3,00,000; कच्चा माल मुख्य तत्त्व है तथा मात्र 70,000 किलो कच्चा माल उपलब्ध है । कंपनी की महत्तम उत्पादन क्षमता प्रक्रिया "A" की 8000 इकाइयाँ तथा "B" की 5000 इकाइयाँ की है । महत्तम लाभ अर्जित करने हेतु इष्टतम उत्पादन मिश्र ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) सीमांत लागत पद्धति के लाभ तथा सीमाएँ बताइए । **7**

4. पृथा लि. तथा चंद्र लि. का दिनांक 1-4-2015 को समागम किया गया और दोनों कंपनियों का व्यवसाय खरीदने के लिए रवि लि. नाम की नई कंपनी की स्थापना की गई । इस तारीख की दोनों कंपनी की बेलेंस शीट निम्नानुसार रही **14**

| **देनदारियाँ** | **पृथा लि. ₹** | **चंद्र लि. ₹** | **परिसम्पत्तियाँ** | **पृथा लि. ₹** | **चंद्र लि. ₹** |
|---|---|---|---|---|---|
| 10% के प्रेफ. शेयर प्रत्येक ₹ 100 के पूर्ण भुगतान किये । | 2,80,000 | 2,10,000 | जमीन मकान | 6,50,000 | 4,00,000 |
| | | | प्लान्ट-मशीन | 4,00,000 | 2,50,000 |
| | | | फर्निचर | 70,000 | 50,000 |
| इक्विटी शेयर पूँजी प्रत्येक ₹ 10 के पूर्ण भरपाई किए हुए | 8,40,000 | 7,00,000 | निवेश | 2,80,000 | 1,40,000 |
| | | | स्टॉक | 1,80,000 | 1,00,000 |
| लाभ-हानि खाता | 90,000 | 60,000 | देनदार | 1,42,000 | 2,08,000 |
| सामान्य अतिरिक्त निधि | 2,04,000 | 1,36,700 | रोकड़/बैंक बेलेंस | 91,000 | 1,75,700 |
| निवेश भत्ता-निधि | 75,000 | 50,000 | | | |
| निर्यात लाभ निधि | 1,07,000 | 48,000 | | | |
| 12% ऋणपत्र | 70,000 | 49,000 | | | |
| लेनदार | 1,00,000 | 50,000 | | | |
| देय हुण्डी | 47,000 | 20,000 | | | |
| | **18,13,000** | **13,23,700** | | **18,13,000** | **13,23,700** |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) पृथा लि. तथा चंद्र लि. के 12% के ऋणपत्रों के बदले में रवि कं. लि. ने उतनी संख्या में अपने 15% के ₹ 100 के एक ऐसे ऋणपत्र जारी किए कि उनके ब्याज की आय पूर्ववत बनी रहे ।

(2) दोनों कंपनियों के प्रेफ. शेयरधारकों को रवि कं. लि के 12% के प्रेफ. शेयर, प्रत्येक ₹ 100 का ₹ 120 के भाव से उतनी ही संख्या में जारी करना ।

(3) रवि कं. लि. पृथा लि. के प्रत्येक 3 इक्विटी शेयरों के एवज में 4 इक्विटी शेयर देगी तथा चंद्र लि. के प्रत्येक 4 इक्विटी शेयरों के बदले में 3 इक्विटी शेयर देगी । यह शेयर ₹ 11 की अंकित मूल्य के हैं, जो ₹ 11 की कीमत पर दिये जायेंगे ।

(4) कानूनी निधियाँ अभी दो वर्ष तक रखना जरूरी है । आपको समागम के पश्चात् रवि लि. की बेलेंस शीट निम्नानुसार धारणा के अन्तर्गत तैयार करना है :

(i) यदि समागम विलीनीकरण स्वरूप का है ।

(ii) यदि समागम खरीदी स्वरूप का है ।

**अथवा**

(a) कंपनियों का समागम का क्या अर्थ है ? इनके उद्देश्यों की चर्चा कीजिए । **7**

(b) समागम में किन पाँच शर्तों का अनुपालन होने पर लेखा मानक-14 के अनुसार वह विलीनीकरण स्वरूप का कहा जाएगा । **4**

(c) खरीदी स्वरूप तथा विलीनीकरण स्वरूप समागम में अन्तर समझाइए । **3**

5. नीचे दिए गये उपप्रश्नों के एक से अधिक विकल्प दिए गए हैं । आवश्यकतानुसार गणना करके सही विकल्प चुनें (कोई **सात**) : **14**

(i) प्रक्रिया-I में डाली गई इकाइयाँ 2000, वास्तव में उत्पादन 1700 इकाइयों का हैं । सामान्य बिगाड़ डाली गई इकाइयों का 10% हो, तो असामान्य बिगाड़ इकाइयाँ कितनी हैं ?

(a) 100 इकाइयाँ (b) 200 इकाइयाँ

(c) 170 इकाइयाँ (d) 300 इकाइयाँ

(ii) बेची गई इकाइयाँ 15,000, शुरुआती स्टॉक 3000 इकाइयाँ, अंतिम स्टॉक 2000 इकाइयाँ हैं । उत्पादन इकाइयाँ ज्ञात करो ।

(a) 12000 इकाइयाँ (b) 15000 इकाइयाँ

(c) 14000 इकाइयाँ (d) 18000 इकाइयाँ

(iii) प्रक्रिया-I की उत्पादन लागत ₹ 30,000 है । यदि स्थानांतरण कीमत पर लाभ 20% लगाना हो अथवा उत्पादन लागत पर 25% लाभ लगाना हो तो इन दोनों दशाओं में लाभ की राशि कितनी होगी ?

(a) ₹ 6,000 एवं ₹ 6,000 (b) ₹ 7,500 एवं ₹ 6,000

(c) ₹ 6,000 एवं ₹ 7,500 (d) इनमें से कोई नहीं

(iv) प्रक्रिया-I का विवरण निम्नानुसार है :

आरंभिक स्टॉक 18000 इकाइयाँ

(पूर्णता की मात्रा : मालसामान 75%)

तैयार इकाइयाँ 52,500 इकाइयाँ

सामान्य बिगाड़ 3750 इकाइयाँ

अंतिम स्टॉक 11250 इकाइयाँ

(पूर्णता की मात्रा : मालसामान 60%)

फीफो पद्धति के अनुसार मालसामान की समकक्ष इकाइयाँ कितनी होगी ?

(a) 63750 इकाइयाँ (b) 45750 इकाइयाँ

(c) 59250 इकाइयाँ (d) इनमें से कोई नहीं

(v) यदि स्थिर खर्च ₹ 5,00,000 हो, लाभ-परिमाण अनुपात 40% और प्रति इकाई बिक्री कीमत ₹ 250 हो, तो ₹ 2,00,000 लाभ पाने के लिए कितनी इकाइयों का विक्रय आवश्यक है ?

(a) 2000 इकाइयाँ (b) 4000 इकाइयाँ

(c) 7000 इकाइयाँ (d) 9000 इकाइयाँ

(vi) उचित लागत का अर्थ है

(a) डूबत लागत (b) काल्पनिक लागत

(c) क्रमिक लागत (d) इनमें से कोई नहीं

(vii) यदि समागम __________ हो तो (पुरानी कंपनी की) बेलेंस-शीट में सामान्य अतिरिक्त निधि की और लाभ-हानि खाते की शेष धनराशि (बैंलेंस) की प्रविष्टि नहीं की जाएगी ।

(a) खरीदी स्वरूप की (b) शुद्ध सम्पत्ति पद्धति की

(c) विलीनीकरण स्वरूप की (d) विचारण पद्धति

(viii) यदि लाभ-परिमाण का अनुपात 50% हो, सुरक्षा मार्जिन 30% हो, तथा बिक्री ₹ 10,00,000 हो, तो समतूट बिंदु निम्नानुसार रहेगा :

(a) ₹ 3,00,000 (b) ₹ 5,00,000

(c) ₹ 7,00,000 (d) ₹ 9,00,000

(ix) जब विक्रयाकांक्षी कंपनी विसर्जन खर्च चुकाना स्वीकार करें तब विक्रयाकांक्षी कंपनी यह खर्च

(a) सदाशय खाते नामे करती है ।

(b) पूँजीगत अतिरिक्त निधि खाते नामे करती है ।

(c) वसूली खाते के नामे करती है ।

(d) बैंक खाते को नामे करती है ।